वार्षिक खेल–कूद दिवस समारोह सम्पन्न

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, गुड़वा, सीतागढ़, हजारीबाग एवं शिक्षक प्रशिक्षण अभ्यास मध्य विद्यालय, सीतागढ़, हजारीबाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 02.02.2019 को 59वॉ वार्षिक खेल–कूद दिवस समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि फा. रॉबर्ट स्लैटरी, येसु संघी, प्रोविन्स डेभेलॉपमेंट डायरेक्टर हजारीबाग जेसुइट प्रोभिन्स थे। महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थी और अभ्यास मध्य विद्यालय के छात्र–छात्राएँ खेल–कूद के विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिए। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित भाषण में कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में जीतने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने बेहत्तर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी, साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। स्वागत भाषण प्राचार्य, डा. भिन्सेंट हांसदाक् तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापिका सि. अनिमा के द्वारा दिया गया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के ब्रिटो दल प्रथम तथा मध्य विद्यालय के हरा दल प्रथम स्थान पर रहें। प्रतियोगिता के सफल संचालन में महाविद्यालय के व्याख्यातागण एवं विद्यालय के शिक्षक वृन्द ने भरपूर सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में भूतपूर्व प्राचार्या, श्रीमती गुलाब लकड़ा, पी.टी.ई.सी. जेसुइट कम्यूनिटि के सुपीरियर फा. फांसिस लोपेज, संत जेवियर प्लस टू स्कूल के प्रधानाध्यापक फा. सेबास्तीयन, नोविस मास्टर फा. अनिल आईन्द, संत रॉबर्ट प्लस टू स्कूल के प्रधानाध्यापक, फा. अनिल दयाल कुजूर, सखिया पंचायत के मुखिया श्री अरूण यादव, विभिन्न संस्थानों से आये ब्रदरगण एवं सिस्टर्स, अभिभावकगण एवं लगभग 1200 छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।

Principal
Primary Teachers Education College
Gurwa, Sitagarha (PO)
Hazaribag
Jharkhand-825303